an>

Title:Regarding Indian labourers illegally held hostage at Malaysia.

श्रीमती कमला पाटले (जांजगीर-चाम्पा): उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपका धन्यवाद करती हूँ कि आपने मुझे मेरे लोक सभा क्षेत्र के महत्वपूर्ण विÂ◌ाय पर बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देती हूँ।

मेरे लोक सभा क्षेत्र के विधान सभा जैजैपुर एवं विधान सभा बिलाईगढ़ क्षेत्र से करीब बाइस लोगों को मलेशिया में कमाने-खाने के नाम पर ले जाया गया है और वहाँ उनको बंधक बना लिया गया है।..(व्यवधान) एक व्यक्ति ने अच्छा रोज़गार दिलाने का प्रलोभन देकर मलेशिया ले जाकर, वहाँ सिलेंगोर क्षेत्र के यूरो प्लास्टिक कंपनी में उन्हें काम में लगा दिया है। ...(व्यवधान)

इनके परिवार के सदस्यों के अनुसार अब कंपनी इन्हें वापस आने नहीं दे रही है। बलपूर्वक काम कराया जा रहा है। खाना-पीना भी ठीक से नहीं दिया जा रहा है, तबीयत खराब होने पर उनका इलाज भी नहीं कराया जा रहा है। उनके मोबाइल, पासपोर्ट एवं आवश्यक कागज़ात कंपनी द्वारा छीन लिए गए हैं। ...(व्यवधान)

मैं सरकार से और विशेÂ◌ाकर माननीया विदेश मंत्री जी से अनुरोध करना चाहती हूँ कि उनके परिवार के लोग उनकी वापसी की गुहार कर रहे हैं। उनकी वापसी की कार्यवाही की जाए और उनको सुरक्षित अपने देश में, अपने क्षेत्र में, अपने गाँव में उनके परिवार के बीच में लाया जाए। ...(व्यवधान)